खबर संक्षेप



## नवीन मंदिर में श्री राम जानकी की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**सिलौंडी।** भगवान श्रीराम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से हुई ।सुबह से ही मंदिर में साधु संत और भक्त का आगमन शुरू हो गया। प्राण प्रतिष्ठा में मंगल पीठाधीश्वर माधवचर्य महाराज का आगमन हुआ । माधवचार्य महाराज और हरि ओम शरण महाराज का भक्तों ने बस स्टैंड स्वागत किया। माधवचार्य महाराज ने भक्तों को अपनी जमा पूंजी में से सामाजिक कार्यों मंदिर निर्माण में दान करने के महत्व को बताया है। प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में मुख्य रूप से माधवचार्य महाराज, हरि ओम शरण महाराज, राधे राधे महाराज, दामोदर दास महाराज, गोपाल दास महाराज, ग्राम के पुरोहित पं. शैलेंद्र शास्त्री, संयोग शास्त्री, मुकेश महाराज, भोला महाराज, पं. ओमप्रकाश ने विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराया है।

### फसल अवशेष नरवाई जलाने वाले किसानो के विरूद्ध हुई सख्त कार्रवाई

# आदेश का उल्लंघन पड़ा महंगा, 30 किसानों पर 80 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा फसल अवशेष (नरवाई) जलाने संबंधी जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर जिले में अब तक 30 किसानों पर 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा चुका है। रीठी तहसील के 18 कृषकों पर एसडीएम कटनी श्री प्रमोद चतुर्वेदी ने 2,500 रूपये प्रति किसान के मान से अर्थदण्ड के रूप में कुल 45 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। यह कार्यवाही तहसीलदार रीठी के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

एसडीएम कटनी श्री चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि फसलों के अवशेष (डंठलों) को जलाने से धुआँ उत्पन्न होता है, जिससे गंभीर पर्यावरणीय प्रदूषण बढ़ता है। मध्य प्रदेश शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के तहत यह कृत्य पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित है।



इसके पूर्व बाकल क्षेत्र के सकरवारा ग्राम में नरवाई जलाने पर कृषक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके अलावा 4 कृषकों के विरूद्ध 10 हजार रूपये और बहोरीबंद क्षेत्र के 8 कृषकों के विरूद्ध 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इस प्रकार अब तक नरवाई जलाने के मामले में किसानों पर कुल 80 हजार रूपये का जुर्माना लगाया जा चुका है।

### इन किसानों पर लगा जुर्माना

फसल अवशेष जलाने पर रीठी तहसील के बड़गांव निवासी रामवरण विश्वकर्मा, मूरतलाल विश्वकर्मा, संतोष कुमार विश्वकर्मा, घुमची निवासी त्रिलोक सिंह पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार मुहांस निवासी चंद्रनारायण सिंह, वीरेंद्र सिंह, इंदपाल सिंह, वीरनारायण सिंह, जयकुमार, मनोज कुमार, मुकेश कुमार-हरिराम, रामजी लोधी पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार पटेहरा निवासी अरविंद कुमार-प्रकाश-भरत, लाटपहाड़ी निवासी उमेश कुमार-रविप्रकाश, अमगवां निवासी भगवान दास, दयाराम, कंछेदी, राममनोहर और बरगवां निवासी सोने लाल, छोटेलाल पिता बंदी और छोटेलाल पिता मगना पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

### नरवाई जलाने पर अर्थदण्ड

कोई किसान या व्यक्ति यदि नरवाई में आग लगाता है तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति स्वरूप 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 2,500 रूपये प्रति घटना, 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 5 हजार रूपये प्रति घटना और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों पर 15 हजार रूपये प्रति घटना अर्थदण्ड का प्रावधान है।

एसडीएम कटनी ने सभी 18 किसानों को एक सप्ताह में अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि शासकीय खजाने में जमा कराकर चालान की प्रति तहसीलदार के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अन्यथा की स्थिति में भू-राजस्व संहिता के बकाया की भांति राशि किसानों से वसूल की जावेगी।



## पुलिस वाहन की टक्कर लगने से प्रौढ़ गंभीर रूप से घायल, रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शुक्रवार की दोपहर भरदा बरखेड़ा गांव में पुलिस वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्रौढ़ गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार, बहोरीबंद थाने का एक पुलिस वाहन तेज रफ्तार में गुजर रहा था। इसी दौरान उसने गांव के निवासी किशोरी उर्फ शानू राजपाल 55 को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें स्लीमनाबाद अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया।

हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, इसके बाद जाम हटाया गया। ग्रामीणों की मांग पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

इस संबंध में एसडीओपी आकांक्षा द्विवेदी का कहना है कि घायल के परिजनों की शिकायत पर स्लीमनाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### राजस्व, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त दल ने की जांच

## 4 वेयरहाउस में 77 हजार 488 बोरियों में मिली 30 हजार 993 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही अवैध रूप से धान का भंडारण व परिवहन करने वाले व्यक्तियों,दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने राजस्व , खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त दल को निर्देशित किया है कि हर गतिविधि पर नजर रखें और नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के पालन में 4 वेयरहाउस में भंडारित कृषि उपज का भौतिक सत्यापन करने औचक निरीक्षण किया गया ।इस दौरान इन वेयर हाउसों के भौतिक सत्यापन में 77 हजार 488 बोरियों में 30 हजार 993 क्विंटल धान पाई गई। भौतिक सत्यापन के दौरान श्रीनिवास वेयरहाउस मझगवां में 19 हजार 352 बोरी में 7 हजार 740 क्विंटल धान और श्रीरामा कृष्णा वेयरहाउस एंड एग्रो सर्विसेज मझगवां फाटक से 6 हजार 647 बोरी में 2 हजार 658 क्विंटल धान तथा मधुर महादेव वेयरहाउस से 15 हजार 808 बोरी में 6 हजार 323 क्विंटल धान और गुप्ता वेयरहाउस से 35 हज़ार 681 बोरी में 14 हजार 272 क्विंटल पाई गई धान शामिल हैं।



कृषि उपज मंडी सचिव ने बताया कि अधिनियम 1972 में वर्णित प्रावधान अनुसार अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

भौतिक सत्यापन दल में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, तहसीलदार रामटेके, श्री मौर्य और अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार, यज्ञ दत्त त्रिपाठी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी,खगेश गुप्ता एसएडीओ, केके नरगांवे सचिव कृषि उपज मंडी ,श सुधीर त्रिपाठी सहायक उप निरीक्षक कृषि उपज मंडी ,विकास नारायण मिश्र सहायक उप निरिक्षक कृषि उपज मंडी शामिल रहे।

वेयर हाउस प्रबंधकों को पत्र लिखकर उनसे निर्धारित प्रारूप में 24 घंटे के भीतर अधिसूचित कृषि उपजों की पूरी जानकारी तलब की गई है। ताकि धान उपार्जन प्रारंभ होने के पूर्व भंडारित कृषि उपज का नियमानुसार विधिवत निराकरण किया जा सके।

## आबादी क्षेत्र में पहुंचा तेंदुआ, बछड़े का किया शिकार, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही नगर के आबादी क्षेत्र में शुक्रवार को एक तेंदुआ के प्रवेश करने से अफरा तफरी मच गई। नगर परिषद कार्यालय के सामने तेंदुए ने एक बछड़े का शिकार कर लिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। तुरंत सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने डिप्टी रेंजर पंकज द्विवेदी और वन रक्षक चंचल पांडे और विपिन शर्मा के साथ मिलकर तेंदुए को आबादी से बाहर निकालने की योजना बनाई। वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर तेंदुए को भगाने के लिए तेज आवाज वाले पटाखे फोड़े। आवाज और भीड़ देखकर तेंदुआ डरकर जंगल की ओर भाग गया। वन विभाग ने सुनिश्चित किया कि तेंदुआ पूरी तरह से आबादी से दूर चले जाए। घटना के बाद वन विभाग ने स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि पशुओं को सुरक्षित रखें और शाम के समय अकेले घरों से बाहर न निकलें, खासकर जंगल के पास। उन्होंने कहा कि अगर कोई तेंदुआ या अन्य वन्य प्राणी दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।






## हत्या का प्रयास के मामले में फरार ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित मारपीट के मामले में पिछले डेढ़ महीने से फरार चल रहे इनामी आरोपी विनोद उर्फ गुड्डा चौधरी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उषा राय के मार्गदर्शन में की गई।

पुलिस के अनुसार 6 अक्टूबर 2025 को आरोपी के खिलाफ दो गंभीर अपराध दर्ज किए गए थे। पहला मामला सूचनाकर्ता बाला जी राव की शिकायत पर दर्ज हुआ, जिसमें आरोपी ने हत्या की नीयत से हमला कर गंभीर चोट पहुँचाई थी। इस पर थाना में धारा 296, 351(3), 109(1) BNS के तहत अपराध दर्ज किया गया। उसी दिन आरोपी की पत्नी सोनम चौधरी ने भी पति द्वारा मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर अपराध क्रमांक 424/25, धारा 296, 115(2), 351(3) BNS पंजीबद्ध हुआ। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम घोषित किया गया था।



आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई, मुखबिर सक्रिय किए गए और साइबर सेल के माध्यम से लगातार लोकेशन संबंधी जानकारी जुटाई जाती रही। 21 नवंबर को थाना प्रभारी को सूचना मिली कि आरोपी छोटी खिरहनी शनि मंदिर के पास देखा गया है। टीम तत्काल मौके पर पहुँची, घेराबंदी की और आरोपी विनोद उर्फ गुड्डा चौधरी (38 वर्ष, निवासी बड़ी खिरहनी) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बांस के डंडे जप्त किए।

## अलग-अलग स्थानों से दो मोटर साइकिलें हुई चोरी

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों से दो मोटर साइकिलें अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार 7 नवंबर को स्पर्श हास्पिटल के सामने से मो. सा. क्रं. MP 21 ML 9894 को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। फरियादी उपेन्द्र सिंह गोंड 38 बर्ष निवासी ग्राम इमलिया की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह जिला अस्पताल परिसर से 2 नवंबर को मोटर साइकिल क्रमांक MP 21 MQ 7332 को किसी ने चोरी कर लिया। मुकेश कुमार पटेल 35निवासी सलैया कौहारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वाहन चोरी करने वालों की पतासाजी का प्रयास पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

### अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

## 92 लाख के निर्माण कार्यों की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के विकास को गति देने और वार्ड स्तर पर आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अंबेडकर वार्ड में 82 लाख 70 हजार की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य तथा 8 लाख 57 हजार की लागत से विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण एवं कवरिंग कार्य का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,क्षेत्रीय पार्षद संतोष शुक्ला, एमआईसी सदस्यों की मौजूदगी में विधिवत सम्पन्न हुआ।

भूमिपूजन में एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी,सुभाष साहू,पार्षद शशिकांत तिवारी,शकुंतला सोनी सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में अधोसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण हो जाने से क्षेत्र में जल निकासी की पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। साथ ही नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मानक गुणवत्ता अनुरूप समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। क्षेत्रीय पार्षद संतोष शुक्ला ने बताया कि यह कार्य वार्डवासियों की लंबे समय से लंबित मांग थी, जो अब पूरी हो रही है,जिससे वार्ड नागरिकों को जल निकासी की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

## नशा मुक्त ग्राम बनानें ग्रामीणों को दिलाई शपथ

**कटनी।** नशामुक्त अभियान के तहत नवीन प्रस्फुटन ग्राम सेझा एवं बरगवां नम्बर 2 की समितियों के माध्यम से नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक ने नशे के दुष्परिणाम बताते हुये नशा मुक्त ग्राम बनानें हेतु ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ दिलाई। साथ ही प्रस्फुटन समिति से जल संरक्षण को लेकर चर्चा करते हुये आगामी कार्य योजनांतर्गत बोरी बंधान कार्य को प्राथमिकता के साथ करने को कहा गया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति से भूरे सिंह, आरती विश्वकर्मा, शिवप्रशाद मौजूद रहे।

## योजनाओं एवं कार्यक्रमों में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही करने दी हिदायत

# पांच आशा कार्यकर्ताओं को सेवा से किया पृथक, दो एएनएम की 2 वेतन वृद्धि रोकने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान मैदानी स्तर पर योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोताही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने 3 मातृ मृत्यु के मामलों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने पोषण, टीकाकरण और गृह भेंट कार्य में लापरवाही बरतने और निष्क्रियता पर 5 आशा कार्यकर्ताओं को सेवा से पृथक करने और कोताही बरतने पर दो एएनएम की 2-2 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मातृ मृत्यु की प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने विकासखण्ड बहोरीबंद के ग्राम धुरी की गर्भवती महिला रानू रविन्द्र लोधी के मातृ मृत्यु मे आशा कार्यकर्ता उषा सोनी के द्वारा सहयोग नही करने एवं कार्य के प्रति लापरवाही के कारण आशा कार्यकर्ता उषा सोनी को पद से पृथक करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार विकासखण्ड बडवारा के ग्राम खितोली बरही की सुमन पति प्रीतम केवट के मामले में गंभीर लापरवाही एवं नियमित जांच नही करने एवं रिकार्ड मे सही-सही जानकारी संधारण नही करने के कारण एएनएम-कृष्णा देवी वाडिवे (नियमित) की 2 वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकने हेतु निर्देशित किया। वहीं विकासखण्ड विजयराघवगढ के ग्राम हरैया की गर्भवती महिला मधु कोल पति सूरज कोल के प्रकरण में गंभीर लापरवाही एवं हितग्राही को नियमित सेवाएं नही देने व फॉलोअप की कमी के कारण हरैया विजयराघवगढ की एएनएम मीना सोनी की 2 वेतन वृद्धि रोकने एवं इसी प्रकरण मे लापरवाही के कारण विकासखण्ड कन्हवारा की एएनएम ज्योति पटेल का स्थानानतरण विकासखण्ड ढीमरखेड़ा करने एवं एएनएम मनीषा बर्मन पर भी कार्यवाही करने निर्देश दिये।

### इनको किया पद से पृथक

कलेक्टर ने पोषण, टीकाकरण और गृह भेंट कार्य में लापरवाही बरतने और निष्क्रियता पर वार्ड क्रमाक-38 जाकिर हुसैन वार्ड कटनी की आशा कार्यकर्ता श्रीमती सीमा गोटिया, हरदुआ की सरोज कोल, बरही के वार्ड क्रमांक 12 की आशा कार्यकर्ता राधा प्रजापति, कुआं बहोरीबंद की आशा कार्यकर्ता ज्योति नायक को पद से पृथक कर दिया है।

कलेक्टर ने बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती किये गये कुपोषित बच्चों की स्थिति की समीक्षा की गई एवं शत- प्रतिशत बेड ओक्यूपेंसी सुनिश्चित किये जाने की हिदायत दी। पोषण ट्रैकर के अनुसार अति गंभीर कुपोषित (सैम) एवं मध्यम गम्भीर कुपोषित (मैम) बच्चों के चिन्हांकन की समीक्षा की गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि अगली बैठक में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से चिन्हांकित सैम एवं मैम बच्चों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाये। पोषण ट्रैकर पर आंगनवाड़ी केंद्र खुलने की स्थिति दर्ज करने, टीएचआर वितरण एवं बच्चों की वृद्धि निगरानी की स्थिति की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिये गये। पिछली बैठक में दिये गये निर्देशानुसार परियोजना अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में किये गये वजन सत्यापन की समीक्षा की गई एवं सैम और मैम बच्चों के सही चिन्हांकन संबंधी में निर्देश दिये गये।

विकासखण्ड रीठी के ग्राम लालपुरा की गर्भवती ललता पति सिरमोद केस मे आशा कार्यकर्ता राजवती द्वारा स्वयं अकेले हितग्राही को घर से सीरियस स्थिति मे लेकर जिला अस्पताल लाकर ईलाज कराने एवं जिला अस्पताल मे गंभीर स्थिति मे रेफरल जबलपुर करने पर स्वयं हितग्राही के साथ मे जाने पर कलेक्टर ने आशा कार्यकर्ता की सराहना की। हालांकि महिला की रास्ते मे मृत्यु होने पर उनके साथ कोई भी परिजन नही होने पर भी आशा द्वारा सिहोरा मे पीएम आदि करवाने के बाद ग्राम लालपुरा लाकर पंचायत एवं अन्य समुदाय के लोगों के सहयोग से अंतिम क्रिया कराने मे विशेष सहयोग कार्य एएनसी पंजीयन से अंतिम समय तक आशा द्वारा सहयोग करने पर कार्य के प्रति गंभीरता एवं सर्वेदनशीलता के कारण इन्हें कलेक्टर श्री तिवारी व जिला पंचायत सीईओ द्वारा सम्मानित किया गया। ताकि इनसे प्रेरणा लेकर सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता गंभीरता से इस कार्य मे महिलाओं का साथ देकर सहयोग करें।

ैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, सहायक संचालक महिला सशक्तिकरण वनश्री कुर्वेती सहित विकासखंड चिकित्सा अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों की मौजूदगी रही।



## निःशुल्क नेत्र शिविर में ग्रामीणजनों की आंखों की विभिन्न समस्याओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत हेल्थ विज़न मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठी ब्लॉक ढीमरखेड़ा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के सहयोग एवं मार्गदर्शन में किया गया जिससे यह जनहित प्रयास और सशक्त बन सका शिविर में कोठी एवं आसपास के ग्रामों से 70 ग्रामीणों की नेत्र जाँच की गई सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर के ऑप्टोमेट्रिस्ट पवन कुमार यादव एवं उनकी टीम द्वारा मोतियाबिंद, कांचियाबिंद, रेटिना समस्याएँ, नाखूना, भेंगापन आदि नेत्र रोगों की विस्तृत जाँच की गई।

जाँच में 8 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए जिनमें से 6 मरीजों को उसी समय निःशुल्क ऑपरेशन हेतु सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया। ऑपरेशन आयुष्मान योजना के माध्यम से पूरी तरह निःशुल्क कराया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने बताया कि राहत हेल्थ विज़न मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की रोशनी बचाने के लिए उच्च गुणवत्ता की जांच निशुल्क लेंस, दवाएं, ऑपरेशन, आने-जाने व रहने-खाने की सुविधा उपलब्ध कराना है अब तक मिशन के अंतर्गत 200 से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए जा चुके हैं। शिविर के सफल आयोजन में मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ढीमरखेड़ा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनिल कर्मा तथा राहत समर्पण सेवा समिति की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि आर्थिक स्थिति और दूरी के कारण अनेक ग्रामीण उपचार नहीं करा पाते।

## खबर संक्षेप

### जेल में निरूद्ध बंदी की इलाज के दौरान मौत

**कटनी।** जिला जेल में न्यायिक अभिरक्षा में बंद बड़वारा निवासी अनिल कुमार की जबलपुर के जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कुछ दिन पहले गांव में एक पागल कुत्ते ने उसे काट लिया था। परिवार के अनुसार इसी वजह से उसकी तबीयत लगातार खराब होती जा रही थी। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार का करीब दो महीने पहले गांव में कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसके दौरान उसने मारपीट भी की थी। घटना के बाद वह फरार हो गया था। इसी मामले में 6 नवंबर को बड़वारा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। जेल में रहने के दौरान अनिल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जेल प्रबंधन ने उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल जबलपुर रेफर कर दिया गया। वहीं इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गई। अनिल की मां का कहना है कि गांव में पागल कुत्ते के काटने के बाद उसने कुछ दिनों तक यह बात किसी को नहीं बताई। इलाज शुरू होने पर केवल दो इंजेक्शन ही लग पाए थे कि इसी बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल में उसकी तबीयत खराब होती चली गई।

### कार्यो की मॉनिटरिंग हेतु जोन प्रभारी नियुक्त

**कटनी।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर के संपादन के मद्देनजर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम सीमा अंतर्गत नगर निगम के जोन कार्यो, नगर निगम कार्यालय, हेल्पडेस्क सहित अन्य कार्यो के लिए निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगमायुक्त सुश्री परिहार के निर्देश पर एसआईआर कार्य में संलग्न निगम के ऑपरेटर एवं कर्मचारियों की उपस्थिति समय से निर्धारित कराकर उनके कार्यों की मॉनिटरिंग करने तथा संकलित जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के उद्देश्य से राजस्व अधिकारी नगर निगम जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा एक आदेश जारी करते हुए निगम के प्रभारी राजस्व उप निरीक्षकों को जोन प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### घुमंतू मवेशियों को पकड़कर भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु अभियान चलाकर 9 नग घुमंतू मवेशियों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। हांका टीम द्वारा नई बस्ती क्षेत्र में सार्वजनिक मार्गों में विचरण कर रहे 5 घुमंतू मवेशियों को पकड़ा गया। वहीं रात्रि के समय मुख्य मार्ग कोतवाली तिराहा से मिशन चौक मार्ग में यातायात को प्रभावित कर रहे 4 नग घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की गई। हांका टीम द्वारा समन्वित रणनीति अपनाते हुए कुल 9 मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर वाहन के माध्यम से कांजी हाउस में पहुंचाया। निगम प्रशासन की इस कार्रवाई से न केवल यातायात में बाधा डालने वाले मवेशियों पर नियंत्रण मिला, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं से भी राहत मिली है।

*महापौर ने निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा*

# उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री का करें उपयोग, गड्ढों की त्वरित कराएं फिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नागरिकों के सुगम आवागमन हेतु निगम प्रशासन द्वारा कटाये घाट मोड़ से बरगवां तक मार्ग के सीवर लाइन विस्तार एवं रेस्टोरेशन उपरांत कराये जा रहे डामरीकरण कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी के साथ औचक निरीक्षण कर कार्य को तय मानक अनुरूप शीघ्रता से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में पहुंची महापौर श्रीमती सूरी द्वारा सुभाष ट्रांसपोर्ट के पास मार्ग पर रेस्टोरेशन कार्य उपरांत चल रहे डामरीकरण कार्य का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं उपस्थित एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की तकनीकी बारीकियों,



उपयोग हो रही निर्माण सामग्री व निर्धारित समय -सीमा की जानकारी लेकर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करने की हिदायत दी। महापौर श्रीमती सूरी ने निर्देशित किया कि रोड की लेवलिंग, रोलिंग एवं सडक के किनारों की सुदृढ़ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा मार्ग में जल निकासी की व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए, ताकि भविष्य में उपरोक्त मार्ग पर किसी भी प्रकार की समस्या न आवे। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रमती सूरी नें कार्य की समयसीमा की जानकारी लेते हुए नागरिकों की आवागमन सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यो को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करानें के नर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान गढडों की फिलिंग के कार्य हेतु नागरिकों की आवागमन की सुविधा का ध्यान रखें तथा सुरक्षा संसाधनों के बीच कार्य करानें के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती सूरी द्वारा विगत सप्ताह उक्त मार्ग के रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण किया जाकर उपस्थित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को शीघ्र मार्ग का डामरीकरण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे।

सागर पुलिया से हाउसिंग बोर्ड तक के मार्ग का निरीक्षण करते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सड़क की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को सभी गड्ढों की तत्काल फिलिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के इस मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, इसलिए सड़क पर मौजूद गड्ढे न सिर्फ आवागमन में बाधा हैं बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बढ़ाते हैं। महापौर ने स्पष्ट निर्देशित किया कि मरम्मत कार्य बिना किसी देरी के पूरा किया जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, ताकि नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## शिविर में एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान



एन.सी.सी. की 32वीं एम.पी. बाटालियन के 186वें कम्बाइंड ऐन्यूअल ट्रेनिंग कैम्प के दौरान केडीसी कॉलेज में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत आयोजित किया गया।शिविर का संचालन कैम्प कमांडर कॉर्नेल एस. राजवेलु के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी के बॉयज़ और गर्ल कैडेट्स ने रक्तदान किया।रक्तदान प्रक्रिया में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम की पूरी टीम शामिल रही, जिनमें लैब टेक्निशियन जयावर्धन, नर्सिंग अफसर पंकी पटेल, लैब टेक्निशियन सोनिया यादव, लैब असिस्टेंट अरुण पटेल, लैब अटेन्डर कैलाश विश्वकर्मा, नर्स सुहानी चैधरी तथा एचडीएफसी बैंक से बीओएम राहुल वर्मा और मैनेजर प्रवीन बर्मन ने रक्तदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया। शिविर में रक्तदान करने वाले छात्रों और एनसीसी कैडेट्स को एचडीएफसी बैंक की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस रक्तदान शिविर के माध्यम से न केवल स्थानीय अस्पतालों में रक्त की उपलब्धता बढ़ाई गई, बल्कि युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और मानव सेवा की भावना को भी बढ़ावा मिला।

# सीईओ ने किया निरीक्षण, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को गति देने के लिए जनपद अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया।

सीईओ कोरी ने ग्राम पंचायत सरसवाही, भूला, पड़रभटा, कनौजा, पौनिया, सेलारपुर सहित अन्य पंचायतों में पहुंचकर बीएलओ कार्य की समीक्षा की।उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों और पंचायत समन्वय अधिकारी को ऑनलाइन एसआईआर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत पड़रभटा के सचिव की अनुपस्थिति और सेलारपुर के रोजगार सहायक द्वारा कार्य में प्रगति न मिलने पर सीईओ ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

### निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

सीईओ कोरी ने ग्राम पंचायत कनौजा में निर्माणाधीन नए पंचायत भवन का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी को तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ कोरी माध्यमिक शाला कनौजा भी पहुंचे। उन्होंनेमध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, मात्रा और परोसने की टाइमिंग, कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली।

### बच्चों से पूछे सवाल

सीईओ ने बच्चों को पढ़ाया और सवाल भी पूछे। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य तय कर मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। शाला में कक्षा पहली की हिन्दी और कक्षा सातवीं की अंग्रेजी की कुछ पाठ्य पुस्तकों का वितरण लंबित होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान पंचायत समन्वय अधिकारी नरेश परोहा, उपयंत्री मनीष हल्दकार, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

*निगम प्रशासन द्वारा स्कूल में दिया गया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण*

# विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आपदा प्रबंधन के उन्नत कौशलों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगजनी से संबंधित परिस्थितियों में सुरक्षित एवं सक्षम व्यवहार अपनाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शुक्रवार को नगर के पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों और शिक्षकीय स्टाफ को फायर सेफ्टी का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में फायर टीम ने अग्नि सुरक्षा मानकों, आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं बचाव तकनीकों पर तकनीकी रूप से सुसंगत जानकारी निगम के फायर बिग्रेड के प्रशिक्षित दल द्वारा प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के प्रारंभ में विशेषज्ञों ने आग लगने के प्रमुख कारणों जैसे



इलेक्ट्रिकल ओवरलोड, शॉर्ट सर्किट, गैस लीक, ज्वलनशील पदार्थों की असावधानी पूर्वक हैंडलिंग जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार शुरुआती लक्षणों को पहचान कर आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। साथ ही इमरजेंसी निकास मार्ग, सुरक्षित एकत्रीकरण बिंदु तथा त्वरित सूचना प्रणाली के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

अभ्यास सत्र में विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों का उपयोग कर प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षकों ने ड्राई पाउडर, फोम, सीओ2 सिलेंडर जैसे उपकरणों की कार्यप्रणाली और उनके उपयुक्त उपयोग की परिस्थिति समझाते हुए पास तकनीक, पिन खींचना, लक्ष्य साधना, हैंडल दबाना आदि की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्राथमिक उपचार की मूलभूत जानकारी भी दी, जिसमें जलने की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले कदम, सहायता बुलाने की विधि, तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखने के नियम शामिल थे। साथ ही बताया गया कि आपात स्थिति में घबराहट से बचना, सूचना श्रृंखला को सही क्रम में सक्रिय करना और टीमवर्क के साथ कार्य करना आवश्यक है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम की फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा कटनी डिग्री कॉलेज में चल रहे एन.सी.सी कैंप के दौरान भी फायर सत्र का आयोजन कर अग्नि सुरक्षा मानकों, आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं बचाव तकनीकों पर तकनीकी रूप से सुसंगत जानकारी निगम के फायर बिग्रेड के प्रशिक्षित दल द्वारा प्रदान की गई। नगर निगम प्रशासन द्वारा आगामी समय में नगर के अन्य स्कूलों, औद्योगिक क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर इस तरह के प्रशिक्षत्र सत्र आयोजित किए जाएगें।

## कलेक्टर ने सौ फीसदी डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

# विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मतदाताओं के गणना फॉर्मों के डिजिटलाइजेशन का कार्य समूचे कटनी जिले में तेजी से जारी है। इस कार्य को और अधिक गति देने और मैदानी कार्य का जायजा लेने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी शुक्रवार को विजयराघवगढ़ पहुंचे और यहां के मतदान केंद्रों के बीएलओ से चर्चा की।

### सौ फीसदी डिजिटाइजेशन

कलेक्टर श्री तिवारी ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 92-विजयराघवगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सौ फीसदी डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मतदान केंद्र क्रमांक 162 दिघी की बीएलओ श्रीमती सुनीता पटेल और सहयोगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता केवट एवं रोजगार सहायक रश्मि निषाद को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। जबकि कलेक्टर ने मतदान केन्द्र क्रमांक 138 पुरैनी के बीएलओ पुष्पेन्द्र सिंह बहेलिया द्वारा भी 97.93 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर लिये जाने पर सराहना की और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को आमंत्रित कर एसडीएम विजयराघवगढ़ के कक्ष में बैठाकर उनके साथ चाय पिया और उनके अनुभव सुने। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि जिले के अन्य बीएलओ को इनसे प्रेरणा लेकर त्वरित लक्ष्य पूर्ति के लिये प्रयास करना चाहिए। त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने में बीएलओ की महती भूमिका होती है।



### कलेक्टर ने खुद 4 गणना पत्रक के डाटा दर्ज किया

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 92-विजयराघवगढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 57 में कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ ऐप में बीएलओ की मौजूदगी में स्वतः 4 मतदाताओं के गणना पत्रक में प्राप्त डाटा को दर्ज किया। उन्होंने मतदाताओं की संख्या, गणना पत्रक वितरण की स्थिति सहित अन्य जानकारियां भी संबंधित बीएलओ से प्राप्त की। कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रक को शत-प्रतिशत बीएलओ ऐप में अपलोड करते हुए डिजिटलाइजेशन का कार्य करना सुनिश्चित करें।

### सर्वे कार्य का निरीक्षण

कलेक्टर श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ मुख्य बाजार में मतदाताओं से भी संवाद कर बीएलओ के साथ सहयोग करने का आग्रह किया और बीएलओ द्वारा डोर -टू -डोर किए जा रहे सर्वे कार्य का भी निरीक्षण किया।

### आंगनवाड़ी केन्द्र पहुंचे

कलेक्टर श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पहुंच कर शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर आयोजित क्रियाकलापों का जायजा लिया। यहां आंगनवाड़ी केन्द्र में एएनएम श्रीमती ममता सैयाम व श्रीमती पुष्पलता मिश्रा और आगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती वर्षा ताम्रकार उपस्थित मिलीं। यहां कलेक्टर ने एएनएम से बच्चों के टीकाकरण से संबंधित ड्यू लिस्ट एवं गर्भवती माताओं की जानकारी लिया और अनमोल पोर्टल में एएनसी पंजीयन, गर्भपात एवं डिलेवरी अपडेशन की इंट्री की जानकारी एवं यूविन पोर्टल में बच्चों की इंट्री से संबंधित जानकारी भी प्राप्त किया। कलेक्टर श्री तिवारी के भ्रमण के दौरान दोपहर 1 बजे तक एएनएम द्वारा ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में 6 बच्चों में से 3 का टीकाकरण किया जा चुका था और 6 गर्भवती महिलाओं में से 3 गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच की जा चुकी थी।

भ्रमण के दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता, तहसीलदार मनीष शुक्ला, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल और परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विजयराघवगढ़ सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने देर रात रेन बसेरा पहुंच व्यवस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बढ़ती शीतलहर के दौरान जरूरतमंद नागरिकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने देर रात रेन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित अमले को सफाई एवं विद्युत व्यवस्था में आवश्यक सुधार लाने के दिशा-निर्देश प्रदान किए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने रेन बसेरा में उपलब्ध गर्म बिस्तर, मोटे कंबल, विद्युत, सफाई व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति एवं पेयजल की व्यवस्था का परीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि रेन बसेरा में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ठंड से पूर्ण बचाव हेतु पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों।

उपयुक्त श्री गुप्ता ने प्रभारी कर्मचारियों से संवाद करते हुए रजिस्टर संधारण, रात्रि ड्यूटी व्यवस्था, आने-जाने वाले लाभार्थियों की वास्तविक संख्या, उनके लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा सुरक्षा प्रबंधन के बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी जरूरतमंद खुले में रात्रि व्यतीत न करे, इसके लिए नगर में सक्रिय टीम निरंतर रूप से भ्रमण कर रेन बसेरा वाहन से जरूरतमंद लोगों को रेन बसेरा तक निःशुल्क पहुँचाना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कमियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए और कहा कि इस मौसम में राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रेन बसेरा सेवाएं 24 घंटे सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### उपजेल में गीता जयंती पर आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में बंदियों को सुनाया गीता पाठ

**पवई।** उपजेल पवई में गुरुवार को गीता जयंती के पावन अवसर पर एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित रामगोपाल पाण्डेय ने बंदियों के बीच श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ कराया। उन्होंने गीता के प्रमुख अध्यायों और श्लोकों के माध्यम से जीवन में कर्तव्य, आत्मअनुशासन, सद्भाव एवं सकारात्मक सोच के महत्व को सरल भाषा में समझाया। पंडित पाण्डेय ने बताया कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला व्यवहारिक मार्गदर्शक है। इसके संदेशों से व्यक्ति अपने मन को नियंत्रित कर कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रख सकता है। उनके द्वारा दिए गए आध्यात्मिक संदेशों को बंदियों ने गंभीरता से सुना और अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने की बात कही। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक मुनिन्द्र मिश्रा, उपजेल प्रहरीगण तथा पूरा स्टाफ मौजूद रहा। अधीक्षक मिश्रा ने कहा कि ऐसे धार्मिक और प्रेरणादायक आयोजन बंदियों के मानसिक व नैतिक निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उपजेल प्रशासन द्वारा किए गए इस आयोजन की सभी ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण- उज्जैन-इंदौर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का किया अवलोकन

**अमानगंज।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज की छात्राओं का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस भ्रमण के दौरान छात्राओं ने मध्यप्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक जानकारियाँ प्राप्त कीं। भ्रमण दल सबसे पहले उज्जैन पहुँचा, जहाँ छात्राओं ने विश्वप्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए, जंतर-मंतर खगोलीय वेधशाला इसके बाद छात्राएँ काल भैरव मंदिर पहुँचीं और वहाँ के ऐतिहासिक तथा धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### आज शिविर लगाने किया निर्देशित, एसआईआर के लिये जबेरा पहुंचे कलेक्टर ने लगा ली जनचौपाल

# जनचौपाल लगाकर कलेक्टर ने दो घंटे तक सुनी ग्रामवासियों की समस्यायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर आज विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का जायजा लेने ग्राम अभाना, हरदुआ सड़क एवं जबेरा पहुंचे। उन्होंने अभाना के मतदान केन्द्र क्रमांक 233, 235 का निरीक्षण कर बीएलओ से समस्याओं पर चर्चा की उनकी परेशानियों को देखते हुये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने नायब तहसीलदार को अतिरिक्त व्यक्ति कार्य में लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने ग्राम हरदुआ सड़क में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर बीएलओ से चर्चा की। उन्होंने भरे गये फार्म पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जबेरा के आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में मुहल्ला के मतदान केंद्र 177 में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का निरीक्षण किया और बीएलओ विश्वनाथ ठाकुर से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल उन्हें अवगत कराए।





निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में यहां की महिलाएं एकत्रित होकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से शिकायत करते हुए बताया कि हमारे मोहल्ले में सट्टा एवं अवैध कच्ची शराब बेची जाती है, जिससे हम समस्त महिलाएं बहुत परेशान हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शिकायत को गंभीरता से सुन तत्काल पुलिस अधीक्षक से बात करते हुए थाना प्रभारी को बुलवाया और महिलाओं के समक्ष बातचीत करते हुए कहा आबकारी व पुलिस के सहयोग से इस समस्या का निराकरण किया जाए। मोहल्लेवासियों की शिकायत अधिक होने पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने वहीं आंगनबाड़ी में बैठते हुए जनचौपाल लगाई। जन चौपाल के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से एक-एक शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनते हुए उनके तुरंत निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत की। कलेक्टर श्री कोचर ने समस्याओं को देख 22 नवम्बर दिन शनिवार की सुबह 11 बजे से इस मोहल्ला के आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर लगाने समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया ताकि जो भी तकनीकी समस्याएं हैं, उनका निराकरण किया जा सके। इसके साथ ही कुछ छात्र-छात्राएं जो पढ़ने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने कलेक्टर से बातचीत की व मार्गदर्शन मांगा, कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि कॉम्पिटेटिव एक्जाम हेतु दमोह में कोचिंग क्लास संचालित है, इसके साथ ही यदि और अच्छे से तैयारी करना चाहते हैं, तो भोपाल और इंदौर में कोचिंग कर सकते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में विद्युत न होने पर विद्युत विभाग के अधिकारी से चर्चा कर विद्युत कनेक्शन करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा यहां 1 दिसंबर से निशुल्क कोचिंग क्लास प्रारंभ कराई जाएगी ताकि जो छात्र-छात्राएं पढ़ने के उत्सुक हैं वहां पर अध्ययन कर सकें।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज मैं गणना प्रपत्र के वितरण का कार्य देखने के लिए आया था। लेकिन कुछ महिलाओं ने शराब से संबंधित समस्या बताई, इसके बाद कई ग्रामीण आये, उन्होने अपनी समस्यायें बताई, इसके बाद निर्णय लिया गया है 22 नवम्बर को 11 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा और यह तब तक चलेगा जब तक सभी की समस्याओं का निराकरण न हो जाये। उन्होंने कहा इस शिविर में जनपद पंचायत सीईओ, एसडीएम उपस्थित रहेगे। शिविर में लोगो की मुख्य समस्याये जैसे राशन, समग्र आईडी की लिंकिग,आधार अपडेशन, संबल कार्ड के अलावा कल्याणी पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता के केसेस, जनपद और ग्राम पंचायत से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कहा हमारा प्रयास रहेगा कि सारी समस्याओं का समाधान कर लिया जायें। ऑगनवाडी केंद्र जो कि सामुदायिक भवन में चलता है वहॉ पर बिजली का कनेक्शन नही है, एक सप्ताह के अंदर इस कार्य को किया जायेगा। इसका भुगतान प्रशासन करेगा, आगे चलकर इसका किराया महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वहन किया जायेगा, ताकि बच्चो को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यहॉ पर एक केस मिला है जिसमें एक परिवार में तीन बच्चे है, उनके माता-पिता का देहांत हो गया है, उनको मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने अधिकारियो को निर्देशित किया है एक सप्ताह के भीतर आधार अपडेशन, बैंक खाता खुलने संबंधी सभी कार्य हो जाये और अगले महीने से लाभ मिलना प्रारंभ हो जाये इसके अलावा लाड़ली बहना का भी केस था उसको भी हल करने के निर्देश दिए गये।

### सामुदायिक भवन में लगेगा शिविर

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने श्रम, महिला बाल विकास, जनपद, स्वास्थ्य, खाद्य, वन विभाग और AEGM को उपस्थित रहकर समस्याओं का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए । उन्होंने कहा है कि खाद्य विभाग यहां पर पात्रहितग्राहियों को योजना के तहत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सभी संबंधित विभाग आज 22 नवम्बर को प्रातः 11:00 से उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उसका निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

### कलेक्टर ने हेल्पलाइन नंबर नोट करवाया

इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी नागरिकों से कहा कि किसी तरह की समस्या आने पर दूरभाष क्रमांक 07812- 350300 पर संपर्क कर अपनी समस्या, अपनी बात बता सकते हैं उसका निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

### आंगनबाड़ी की बिजली समस्या होगी निराकरण

ग्रामवासियों की मांग पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर यहां के आंगनबाड़ी केंद्र में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि बांछित राशि उनके द्वारा जमा करवा दी जाएगी, वह कनेक्शन की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### लगाई जाए एक्स्ट्रा क्लास

यहां मोहल्ले के मौजूद छात्राओं ने कलेक्टर से मांग की कि वे लोग अंग्रेजी, गणित विषय पर एक्स्ट्रा क्लास चाहते हैं, यदि व्यवस्था हो जाए तो बहुत अच्छा होगा। कलेक्टर श्री कोचर ने तत्काल ही इन बच्चों की मांग पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर 01 दिसंबर से क्लासेस लगाने के लिए कहा। यहां पर मौजूद कुछ छात्राओं ने गाइडेंस देने का आग्रह किया, जिस पर कलेक्टर श्री कोचर ने इन छात्रों को ग्रेजुएशन के बाद किस तरह से तैयारी करनी है, किस तरह से और भी कोर्सेज करने होते हैं के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

भ्रमण के दौरान तहसीलदार सोनम पाण्डे, नायब तहसीदार आशुतोष गुप्ता, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया, थाना प्रभारी विकास चौहान तथा बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

### एक्स-रे के लिए भटक रहे मरीज

# सर्दी खांसी के मरीजों में निरंतर हो रही वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ठंड की शुरुआत होने के कारण सर्दी खांसी ,वायरल फीवर, एलर्जी ,हार्ट के मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है । ओपीडी में लगभग 100 से 120 तक मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। बड़ी संख्या में बच्चे- बुजुर्ग एवं सभी लोग केन्द्र पहुँच रहे हैं।डॉक्टर जिन्हें जांच उपरांत उचित सलाह दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आंखों की जांच न होने से आंखों के मरीजों को यहां वहां भटकना पड़ रहा है। साथ ही एक्सरे मशीन का संचालन ना होने के चलते मरीजों को रोज एक्स रे हेतु भटकना पड़ रहा है।

ग्राम गुंजी से आई मरीज नंदिनी रैकवार एवं ग्राम करैया हजारी से आए शिव सिंह ने बताया कि हमें सर्दी ,खांसी, बुखार की शिकायत थी। जिसका इलाज कराने के लिए हम लोग सरकारी अस्पताल आए थे। यहां पर जांच कराई और हमे भर्ती कर इलाज किया गया। अब तबीयत ठीक है।

वार्ड 02 निवासी राजेंद्र चौरसिया ने बताया कि हमें बहुत दिनों से सिर दर्द की शिकायत थी। यहां दिखाने आए और यहां पर दवाइयां दी गई। साथ ही दमोह जाकर सीटी स्केन कराने कहा गया है। बृहस्पतिवार को ड्यूटी पर मौजूद डॉ.कुलदीप अजवानी एवं डॉ राहुल जैन मरीजों को देखकर उनका इलाज कर रहे थे।डॉ.राहुल जैन ने ठंडी चीजों का सावन न करने की सलाह दी साथ ही ठंडी हवा से बचने ,गुनगुना पानी पीने गर्म कपड़े पहनने और दही, केला, अमरूद ,कोल्ड ड्रिंक जैसी ठण्डी चीजों का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई दी। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य केंद्र पर जो मरीज अपनी आंखों का इलाज कराने के लिए आ रहे हैं। उन्हें यहां वहां पर भटकना पड़ रहा है। क्योंकि यहां पर पदस्थ नेत्र सहायक का लगभग तीन माह पूर्व दूसरी जगह स्थानांतरण हो गया है। उनकी जगह पर अभी तक कोई नहीं आया।

आंखों की जांच करने आए रमेश, विजय ने बताया कि हमारी आंखों में सूजन है। जिससे दर्द हो रहा है। हमें जांच करानी है। हम कई बार अस्पताल आ चुके हैं । जहां पर आंखों की जांच होती है। वहां पर ताला लगा मिलता है। कोई सही जानकारी नहीं देता। अब मजबूरी बस हमें प्राइवेट अस्पताल में जांच करानी पड़ेगी।

इस बारे मे बीएमओ अमित मिश्रा ने बताया कि नेत्र सहायक जाटव के तबादला पश्चात उक्त पद केन्द्र मे अभी रिक्त है। शासन स्तर पर जब नियुक्ति होगी तब ही नेत्र सहायक की सेवाऐं मरीजों को मिल पायेंगी। एक्सरे मशीन के व्यवस्थित संचालन हेतु नई डीपी कलेक्टर के आदेश पर रख दी गई है। शीध्र ही इसका संचालन शुरू हो जायेगा।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पहचान व संगठन का मूल भाव है : गौरव रणदिवे



**दमोह।** एस आई आर 2025 के अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश मंत्री एस आई आर संभाग प्रभारी श्री लोकेंद्र पाराशर, जिलाध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे, जिला प्रभारी श्री सतानंद गौतम, पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत मलैया, दमोह सांसद श्री राहुल सिंह, जिला महामंत्री श्री रामेश्वर चौधरी, श्री अरुण तिवारी, श्री महेश पटेल, एस आई आर जिला प्रभारी श्री नरेंद्र व्यास, पूर्व विधायक श्रीमती सोनाबाई अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे मंचासीन रहे। बैठक की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। साथ ही सामूहिक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया गया। प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे के प्रथम दमोह आगमन पर जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया एवं दमोह जिला के निरंतर प्रवास के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत किया जायेगा। प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश मंत्री का शॉल श्रीफल से स्वागत किया गया एवं श्री जागेश्वर नाथ जी का चित्र भेंट किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्री गौरव रणदिवे ने अपने संबोधन में कहा कि एस आई आर 2025 के अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य हर हाल में समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पहचान हैं और संगठन का मूल भाव है "सभी सुखी रहें, सभी प्रसन्न रहें।" सभी को साथ लेकर चलें क्योंकि पार्टी सनातन, राष्ट्र एवं गरीब, जनकल्याण के लिए कार्य करती है। प्रदेश मंत्री एवं एस आई आर संभाग प्रभारी श्री लोकेंद्र पाराशर ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे मतदाता सूची अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनेगी। उन्होंने कहा कि एस आई आर के माध्यम से प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। श्री पाराशर ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि अभियान के दौरान पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें और शासन के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से ही यह अभियान सफल होगा और इससे आगामी चुनावों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिले के प्रत्येक बूथ पर एस आई आर अभियान को मजबूती के साथ लागू किया जा रहा है। कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फार्म भरने, दस्तावेज सत्यापन और जागरूकता में सहयोग कर रहे हैं। एस आई आर प्रक्रिया में प्रत्येक कार्यकर्ता सतर्क एवं सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन के हर कार्यकर्ता को यह लक्ष्य लेकर काम करना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। एस आई आर जिला प्रभारी नरेंद्र व्यास ने एस आई आर प्रक्रिया पर जिला की संपूर्ण विधिवत जानकारी एवं वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। बैठक का संचालन महामंत्री महेश पटेल एवं आभार महामंत्री अरूण तिवारी ने किया। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा अभियान को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# धूमधाम से शुरू हुआ सांसद खेल महोत्सव



**जबेरा।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत जबेरा विधानसभा स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम नोहटा में उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। यह आयोजन दमोह सांसद के निर्देशन में तथा मंत्री के अनुज नितेंद्र सिंह के संरक्षकत्व में हो रहा है, जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। शुभारंभ के बाद हुए पहले मुकाबले में नोहटा और जबेरा आमने-सामने हुए, जहां जबेरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दूसरा मैच यंग स्टार नोहटा और पुततरीघाट हिनौती के बीच खेला गया, जिसमें यंग स्टार नोहटा ने बेहतरीन खेल दिखाकर विजय हासिल की। तीसरे मुकाबले में झलौन और पटी महाराज सिंह की टीम उतरी, जिसमें पटी महाराज ने मुकाबला अपने नाम किया। चौथे मैच में चौपरा और तेंदूखेड़ा आमने-सामने थे, जहां चौपरा की टीम विजयी रही। यह वॉलीबॉल टूर्नामेंट 21, 22 और 23 तारीख को आयोजित किया जा रहा है। तय किया गया है कि यहां से विजयी टीमें जिला स्तर पर दमोह में होने वाली प्रतियोगिताओं में अपना कौशल दिखाएंगी और विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेंगी। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला लोधी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष भावसिंह लोधी, भाजपा जिला मंत्री विनीता कुलस्ते, मंडल अध्यक्ष नोहटा सतपाल सिंह, तेजगढ़ से संग्राम सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे। खिलाड़ियों में जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था तथा पूरे मैदान में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का जीवंत माहौल नजर आया।

# कर्मों का पूरा हिसाब रखता है परमात्मा: पं. विपिन बिहारी

## परिवार में संवाद न टूटे, जीवन में सदाचार रहे

**तेंदूखेड़ा।** गौहची क्षलोन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के छठवें दिन गोपीपीठाधीश्वर पंडित विपिन बिहारी जी महाराज ने भक्तों को दिव्य उपदेशों एवं आध्यात्मिक संदेशों से अभिभूत किया। कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी जी ने मनुष्य जन्म के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दुर्लभ मानव शरीर का वास्तविक फल तभी मिलता है जब हम निरंतर भगवान का नाम जपते रहें और अपने कर्मों पर पूर्ण ध्यान दें। उन्होंने कहा कि परमात्मा के यहां कर्मों का हिसाब इतना सूक्ष्म और सटीक है कि मानव बुद्धि उसकी कल्पना भी नहीं कर सकती। पंडित जी महाराज ने सत्संग में उपस्थित भक्तों को जीवन-उपयोगी संदेश देते हुए कहा कि जीवन में दो प्रकार के लोगों से सदैव दूरी रखनी चाहिए—पहला, अपशब्दों और गाली-गलौज करने वाले, और दूसरा, मद्यपान करने वाले। उन्होंने विशेष रूप से गांव-समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग शराब बेचने जैसे अनुचित कार्यों में लिप्त हैं, उनकी परिणति समाज के सामने ही है। ऐसे कर्म न केवल व्यक्ति को बल्कि परिवार और समाज को भी पतन की ओर ले जाते हैं। उन्होंने पारिवारिक मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि आज घरों में काम करने वालों की संख्या कम और कान भरने वालों की संख्या अधिक हो गई है। पंडित जी ने स्पष्ट कहा कि परिवार में यदि कभी मतभेद हो जाए, झगड़ा हो जाए या नोकझोंक हो जाए, तो भी बोलना बंद न करें। संवादहीनता रिश्तों में ऐसी खाई बना देती है जो जीवन भर नहीं भरती। अपने प्रवचन में पंडित विपिन बिहारी जी ने सनातन धर्म की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है, और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण प्रकृति स्वयं है। जब से धरती का निर्माण हुआ है, तब से हिमालय, गंगा, नर्मदा, यमुना जैसे पवित्र स्वरूप विद्यमान हैं—यही सनातन धर्म की अनादि पहचान है। सनातन धर्म मूलतः जीवन को संयमित, शांत, संतुलित और ईश-भाव से पूर्ण करता है। कथा व्यास ने भक्तों को संदेश दिया कि कथा हमेशा बैठकर सुननी चाहिए, क्योंकि बैठकर सुनी गई कथा मन, बुद्धि और आत्मा—तीनों तक शांति पहुंचाती है। छठवें दिन की कथा में उन्होंने द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्रों तथा उनके विवाह प्रसंग का वर्णन किया, जिसे सुनकर भक्त भाव-विभोर हो उठे। शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अनन्य मैत्री, समर्पण और दैवी प्रेम का वर्णन किया जाएगा। कथा की यजमान के रिटायर्ड शिक्षक रामप्रसाद ताराराणी यादव हैं कार्यक्रम के आयोजक हेमंत यादव डीएफ विदिशा एवं उनके अनुज डॉक्टर बसंत यादव प्रोफेसर आईआईटी रुड़की हैं गौहची क्षलोन में चल रही यह भागवत उत्साह, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिव्य ज्ञान, भक्ति और भगवान के पावन चरित्रों का श्रवण कर रहे हैं। आयोजक मंडल ने सभी भक्तों से शनिवार की कथा 1 बजे से 3 बजे तक में होना है धर्म प्रेमी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# जूठन खाने एवं थाली में छोड़ने से अन्न का अपमान होता है: पंडित रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय नंदीश्वर महादेव नंदीवन मंदिर परिसर में दिव्य भव्य कलश यात्रा के साथ श्री सीताराम विवाह कथा प्रारम्भ हुई। कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहाँ कि आजकल जूठन खाने एवं जूठन छोड़ने की परंपरा बन गई है थाली में जूठन छोड़ने के कारण अन्न बर्बाद हो रहा है देखने मे आता है कि विवाह में भोजन के समय जिस हाथ से हम भोजन करते हैं उसी जूठे हाथ से भोजन के पात्र से भोजन उठाकर के खाते हैं एवं उन्ही मे से अधिकांश लोग थाली में जूठा भोजन छोड़ देते हैं जबकि गलती से भी थाली में जूठन नहीं छोड़ना चाहिए यह हमारी सनातन परम्परा नहीं है रामायण के अनुसार थाली में जूठा छोड़ने से अन्न का अपमान होता है और इससे कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं जैसे धन की कमी आर्थिक तंगी और पितरों का अप्रसन्न होना जब हनुमानजी रावण की रसोई में पहुंचे तो उन्होंने रावण की जूठी थाली में दही देखकर यह अनुमान लगाया था कि रावण का अंत निकट है जो रामायण में जूठा छोड़ने के दुष्परिणाम का एक उदाहरण है संसार में कई लोग ऐसे हैं जिन्हें ठीक से भोजन प्राप्त नहीं हो पाता है और हम भोजन की बर्बादी करते हैं विवाह में कई प्रकार के भोजन बनाए जाते हैं लोग तृष्णावश थाली में सभी प्रकार के भोजन ले लेते हैं और जब बाद में खाया नहीं जाता तो उसी थाली में छोड़ देते है । यह अन्न की बर्बादी है एवं इस कारण से घर की रिद्धि सिद्धि समाप्त हो जाती है। हमारे शास्त्रों में किसी का जूठा भोजन करने की मनाही क्यों कहीं गई है। ।शास्त्र यह मानते हैं कि भोजन केवल शारीरिक ऊर्जा का स्रोत नहीं है बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भी जुड़ा हुआ है। जब कोई व्यक्ति भोजन करता है तो उसकी मानसिक और भावनात्मक ऊर्जा उस भोजन में स्थानांतरित हो जाती है यदि किसी नकारात्मक या क्रोधित व्यक्ति का जूठा भोजन किया जाए तो उसकी नकारात्मक ऊर्जा खाने वाले पर भी प्रभाव डाल सकती है। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति क्रोध चिंता या तनाव में खाना खा रहा हो तो वह ऊर्जा भोजन में समाहित हो सकती है। इसे खाने से आपकी मानसिक स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। भोजन को अत्यधिक पवित्र माना गया है इसे अन्न कहा गया है और इसे देवताओं का प्रसाद या दान माना जाता है शास्त्रों के अनुसार जूठा खाने एवं छोड़ने से अन्न की पवित्रता और ऊर्जा प्रभावित होती है भोजन को प्रसाद की तरह ग्रहण करने की परंपरा यह सिखाती है कि इसे आदर और ध्यानपूर्वक खाया जाए किसी का जूठा भोजन करने से इस आदर्श का उल्लंघन होता है और इसे आध्यात्मिक दृष्टिकोण से अनुचित माना गया।

# पालक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

**हिंडोरिया।** नगर के सी. एम. राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षाओं के परीक्षाफल अवलोकन के लिए गुरुवार को पालको एवं अभिभावकों से संवाद स्थापित करने के लिए शिक्षक-पालक संवाद सृजन बैठक कक्षा वार आयोजित हुई। जिसमे सृजन कार्यशाला में कक्षा बार छात्राओं के परीक्षाफल का अवलोकन छात्राओं के साथ पालकों को कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अध्ययनरत बच्चों के पालकों एवं शिक्षकों के बीच संवाद सृजन का आयोजन किया गया। विद्यालय में कक्षा 09 वीं से 12 वीं तक के छात्राओं के माता पिता, अभिभावकों ने विद्यालय में आकर अपने बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का



अवलोकन किया। इसके साथ ही स्कूल में चल रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों के समक्ष अपने विचार रखें गए। इसके बाद अभिभावकों से सुझाव लिए गए। बैठक में छात्राओं के विकास, शिक्षा की गुणवत्ता और शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अंत में शिक्षक रामकुमार चौरसिया द्वारा सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक रमेश अहिरवार, शैलेन्द्र अग्रवाल, पवन चौरसिया, आनंद चौरसिया सहित बडी. संख्या मे अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल हुये 1600 प्रतिभागी

**हटा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में होने वाली गायत्री परिवार की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शुक्रवार को संपन्न हुई। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सामाजिक सांस्कृतिक पुनरुत्थान कर संस्कारवान बनाना है परीक्षा के संयोजक अरुण पटैल ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 5 से महाविद्यालय स्तर तक हो रही है।इस बार इस परीक्षा में हटा से 1600 छात्र



छात्र-छात्राए सम्मिलित हुए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैसाबाद से 200 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। नगरीय क्षेत्रों में 17 विद्यालयों में डाइट एवं शासकीय महाविद्यालय से छात्र सम्मिलित हुये। ग्रामीण क्षेत्र के 13 विद्यालयों में हिनौता, गैसाबाद, रनेह, मुहरई, देवराजामशा , खाईखेड़ा, बंधा, सोजना , मझगुवा पतोल केंद्रों में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा को संपन्न कराने में जयप्रकाश नेमा, रमेश श्रीवास्तव, देव शंकर दीक्षित, सुशील सेलट, सुरेंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र नायक, योगेंद्र कुसमरिया, पारस पटेल के अलावा सभी परीक्षा केंद्र के शिक्षकों का सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

### युवा संगम कार्यक्रम में दमोह जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**दमोह।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिले में आयोजित रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार गतिविधियों में दमोह जिले ने मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा द्वारा दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को युवाओं के हित में किए गए उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र जारी किया गया। रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा द्वारा जारी प्रशंसा पत्र में कहा गया है, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले के युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार में आकांक्षी युवाओं के लिए उल्लेखनीय कार्य किये हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में दमोह जिला प्रथम रैंक पर रहा।

### पटेरा क्षेत्र में तेंदुए की दहशत

**दमोह।** जिले के पटेरा अंचल के गांवों में तेंदूए का आतंक बरकरार है। आये दिन आसपास के गांव के लोगो द्वारा तेंदूआ देखे जाने की खबर से सुबह शाम तेंदुए की चर्चा पटेरा नगर में बनी हुई है। पिछले दिनों कुडई, बरखेरा गांव में तेंदूए में हमला किया था जिसके बाद से टीम तलाश में जुटी है लेकिन वन विभाग के प्रयास नाकाफी है। इसके बाद तेंदुआ बमनपुरा व ककली के बीच देखा गया जिसकी शिकायत लोगो ने वन विभाग में की। वहीं शुक्रवार को पटेरा के समीपस्थ गांव राजाबंदी तेंदूआ के होने की आशंका से ग्रामवासियों में दहशत बनी रही। वन विभाग की टीम भी वहां पहुंचकर मुस्तैद बनी रही।

फुटओवरब्रिज का निर्माण भी डेढ़ से दो साल से अधूरा पड़ा

# घटेरा अंडरब्रिज फिर जलमग्न, रेल पटरी पार करना मजबूरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

घटेरा रेलवे अंडर ब्रिज की हालत एक बार फिर चर्चा में है। रेलवे विभाग ने वर्षों पहले रेलवे गेट बंद करके अंडर ब्रिज बनाया था ताकि लोगों को गेट खुलने का इंतजार न करना पड़े और वे सुरक्षित रूप से नीचे से होकर दूसरी ओर पहुंच सकें, लेकिन समय के साथ यह सुविधा परेशानी में बदल गई है। अंडर ब्रिज के अंदर पानी निकासी की नाली लगातार चोक रहती है, जिससे ब्रिज में हर मौसम में पानी और कीचड़ का जमाव बना रहता है। हालात ऐसे हैं कि पैदल राहगीर गुजरने से कतराते हैं और वाहन चालक भी मजबूरी में जोखिम उठाते हुए फिसलन भरे रास्ते से गुजरने का प्रयास करते हैं।

घटेरा स्टेशन से कुछ दूरी पर बना यह अंडर ब्रिज निर्माण के समय बरती गई लापरवाही और बाद में रखरखाव के अभाव का परिणाम है। पानी का स्रोत स्पष्ट न होने के बावजूद सालभर यहां जलभराव बना रहता है। कीचड़ और बदबू से भरा यह अंडर ब्रिज ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए रोजमर्रा की मुसीबत बन चुका है। जब भी पानी भरता है तो लोग विवश होकर सीधे रेल पटरी पार करने लगते हैं और इसी मजबूरी ने कई बार दर्दनाक हादसों को जन्म दिया है।

उधर फुटओवरब्रिज का निर्माण भी डेढ़ से दो साल से अधूरा पड़ा है। स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन की कोई वैकल्पिक सुविधा नहीं बची है। अंडर ब्रिज का हाल बिगड़ा हुआ है और फुटओवरब्रिज अधूरा। ऐसे में आसपास के गांवों से आने वाले दर्जनों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी पार करके स्कूल आते-जाते हैं।

अंडर ब्रिज के अंदर बनी सीसी सड़क की हालत भी खराब हो चुकी है। जगह-जगह गिट्टी बाहर निकल आई है, जिस कारण दोपहिया वाहन आए दिन अनियंत्रित होकर फिसल जाते हैं। रेल लाइन के दूसरी ओर बसे आदिवासी मोहल्ला, चंदपुरा, गडिया, सलैया, मुहली और मडिया गांव के लोग हर दिन इसी रास्ते पर निर्भर रहते हैं, चाहे स्टेशन पहुंचना हो या बनवार, बम्होरी चौबीस की ओर जाना हो। यह क्षेत्र दमोह–कटनी हाइवे से जुड़ा है और चंदपुरा से गडिया तथा गडिया से सलैया तक सड़क निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है, हालांकि बजट के अभाव में कार्य रुका हुआ है। भविष्य में यह सड़कें क्षेत्र के विकास और रोजगार के नए अवसर खोल सकती हैं, लेकिन विडंबना है कि उन्हीं गांवों का मुख्य आवागमन मार्ग यानी अंडर ब्रिज ही सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ा है।

ग्रामीणों में दूसरे अंडर ब्रिज निर्माण की मांग तेजी से उठ रही है। लोग सवाल पूछ रहे हैं कि जब वर्षों से यह एकमात्र ब्रिज समस्या का केंद्र बना हुआ है तो संबंधित विभाग कब जागेगा और कब तक लोग पानी भरे, कीचड़ से लथपथ इस संकरे रास्ते पर जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर रहेंगे।

# सरकारी भूमि पर प्रतिकूल कब्ज़े का दावा खारिज

## अदालत ने कहा: "सिर्फ लंबा कब्ज़ा, अधिकार नहीं देता"

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सिविल न्यायाधीश अनुप्रेक्षा जैन की अदालत ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए सरकारी भूमि पर प्रतिकूल कब्ज़े के आधार पर स्वामित्व का दावा करने वाली वादिनी श्यामबाई शर्मा का प्रकरण खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल लंबे समय तक कब्ज़ा बनाए रखना किसी व्यक्ति को सरकारी भूमि का मालिक नहीं बनाता। म.प्र. शासन की ओर से प्रकरण की पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह द्वारा की गई।

### मामले का विवरण

वादिनी द्वारा यह दावा किया गया था कि वह धरमपुरा मोजे, फुटेरा तालाब के पास स्थित लगभग एक हेक्टेयर भूमि पर पिछले 40 वर्षों से कृषि कार्य कर रही है। उसने कई बार शासन से कृषि पट्टा मांगने की बात भी कही, परंतु पट्टा स्वीकृत नहीं हुआ। वादिनी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग उसकी जमीन पर कब्ज़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए उसे भूमि स्वामी घोषित किया जाए। वादी पक्ष ने अपने कब्ज़े के समर्थन में कई गवाह प्रस्तुत किए। वहीं शासन पक्ष के अधिवक्ता राजीव बद्री सिंह ने तहसीलदार रोबिन जैन के साक्ष्य सहित दस्तावेजों के आधार पर यह सिद्ध किया कि वादिनी का कब्ज़ा न तो निरंतर था और न ही शांतिपूर्ण। बल्कि, कई बार उसका अवैध कब्ज़ा हटाया गया है। यह भी बताया गया कि भूमि के वर्तमान मूल्य में बढ़ोतरी होने के कारण झूठे आधार पर दावे किए गए हैं।

### अदालत की महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ

अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि—सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति पर प्रतिकूल कब्ज़े का दावा बहुत कठोर मानदंडों पर परखा जाना चाहिए। कब्ज़ा खुला, शांतिपूर्ण, निरंतर और वास्तविक स्वामी को चुनौती देने वाला होना जरूरी है। कब्ज़े के साक्ष्य मजबूत, दस्तावेजी और लंबे समय तक निर्विवाद होने चाहिए। अदालत ने पाया कि वादिनी अपने कथित 40–50 वर्ष पुराने कब्ज़े का कोई विश्वसनीय दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी। राजस्व अभिलेखों में भी लंबे समय तक उसका नाम दर्ज नहीं पाया गया, जो प्रतिकूल कब्ज़े के दावे के विरुद्ध महत्वपूर्ण तथ्य है। अंततः न्यायालय ने वादिनी का प्रकरण अस्वीकार करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर प्रतिकूल कब्ज़े के आधार पर स्वामित्व का दावा सिद्ध नहीं होता।

## एसआईआर सर्वे में उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ टीम सम्मानित

**सगोनी।** पटेरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पटेरिया में प्रथम एस.आई.आर. सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सुधीर कोचर ने प्रथम बीएलओ टीम पटेरिया में नैन्सीराय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एंव विमल चौधरी माध्यमिक शिक्षक हाईस्कूल पटेरिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमे पटेरिया हाईस्कूल प्रचार्य सुरेंद्र मेहरा,राजेन्द्र सिंह, म.प्र. जन अभियान नवांकुर संस्था अध्यक्ष मुलाम राय व समस्त शिक्षकों ने बधाई दी।



# मंडी में डाक नीलामी बंद होने पर किसानों ने सड़क पर किया प्रदर्शन



**हटा।** कृषि उपज मंडी में की जा रही कृषकों की फसल की डाक नीलामी कुछ देर के लिए बंद होने पर किसानों द्वारा मंडी प्रांगण के बाहर प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया गया। जाम की खबर लगते ही मौके पर तहसीलदार आलोक जैन थाना प्रभारी सुधीर वेगी मंडी निरीक्षक किसानों के बीच पहुंचे जहां किसानों को समझाइश दी गई एवं मंडी में डाक नीलामी कुछ देर के लिए बंद कराए जानें के कारणों से किसानों को अवगत कराया गया तब कहीं जाकर किसानों द्वारा आधा घंटे तक प्रदर्षन करते हुए हटा बटियागढ़ मार्ग पर लगाए चक्काजाम को खोला गया। वहीं तहसीलदार आलोक जैन द्वारा बताया गया कि मंडी प्रांगण में डाक नीलामी चल रही है कुछ व्यापारियों की शिकायत पर आज भोपाल से जांच टीम मंडी आई हुई थी जहां सभी व्यापारी जांच टीम के साथ व्यस्तता के चलते डाक नीलामी बंद की गई थी एवं किसानों को 4 बजे के बाद शुरू करनें की बात मंडी निरीक्षक द्वारा पूर्व में बताई गई थी लेकिन किसी एक व्यापारी के उकसावे में आकर किसानों द्वारा चक्काजाम लगा दिया था।

## मुस्कान अभियान के तहत नाबालिग़ को किया दस्तयाब

**दमोह।** फरियादी द्वारा दिनांक 15 .11. 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई की जब वह काम करने के लिए घर से गया था तो उसकी नाबालिग़ बच्ची घर पर थी। वापस आने पर घर पर नहीं मिली जो फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 797 कायम किया गया जो श्रीमान अतरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुजीत भदोरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच आर पांडे के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी दमोह देहात के रचना मिश्रा निर्देशन में चौकी प्रभारी सागर नाका उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी एवं एवं उनकी टीम के द्वारा नाबालिग़ को दस्तयाब किया गया। उक्त कार्रवाई मे चौकी सागर नाका से उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी , प्रधान आरक्षक नीरज श्रीवास्तव आरक्षक अखिलेश छारी महिला आरक्षक रचना विश्वकर्मा साइबर सेल आरक्षक मयंक दुबे का विशेष योगदान रहा।

# जिले भर में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**दमोह।** जिले के लगभग सभी स्कूलों और कॉलेजों में भी अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में देश भर के साथ संपन्न हुई। वर्ष 1995 से निरंतर प्रतिवर्ष संपन्न होने वाली यह सामान्य ज्ञान की परीक्षा में दमोह जिले में 12 हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा केंद्रीय शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित है और इसके आयोजन की अनुमति आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय पत्र जारी करके प्रदान की जाती है। इस परीक्षा की सबसे बड़ी उपयोगिता छात्रों को तब समझ में आती है जब वह किसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठते है। ओएमआर शीट द्वारा परीक्षा कराने का प्रयोग विगत बीस वर्षों से इस परीक्षा में किया जा रहा है और छात्रों को सहज में ही ओएमआर शीट भरने का ज्ञान इस परीक्षा के माध्यम से हो जाता है। इसके सिलेबस के लिए अलग अलग कक्षाओं की अलग अलग सामान्य ज्ञान की पुस्तकें परीक्षा आयोजन के लगभग 4, 5 महीने पूर्व छात्र छात्राओं को स्कूल के माध्यम से नाममात्र की शुल्क 40 और 50 रुपए लेकर वितरित की जाती है और जिले और तहसील स्तर पर क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्र छात्राओं को नकद राशि ,प्रशस्ति पत्र तो दिए जाते है साथ ही उन्हें शांतिकुंज हरिद्वार आने जाने का मार्ग व्यय भी संस्था द्वारा दिया जाता है,यदि वह 5 दिवसीय शिविर में भाग लेना चाहते है। इस शिविर में छात्र छात्राओं को जीवन जीने की कला,नैतिक शिक्षा, शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की व्यवहारिक जानकारी दी जाती है। स्मरणीय है कि शांतिकुंज में ठहरने और भोजन की व्यवस्था सभी आगंतुकों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहती है।

# पुलिस ने बस स्टैंड के पास से हटाए अवैध शराब अहाते



**हटा।** नगर के बस स्टैंड एरिया से शराब दुकान के सामने अवैध तरीके से छोटे छोटे आहते गुमटियां को नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र खरे द्वारा नवागत थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पुलिस बल के साथ सक्रियता से हटाए गए। सीएमओ ने बताया कि वर्तमान में बस स्टैंड से सड़क निर्माण होने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और जो बसें एक घंटे से ज्यादा बस स्टैंड पर खड़ी होती हैं उनको खाली ग्राउंड खड़ी करने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं हाथ ठेला और ऑटो संचालकों को हिदायत दी गई है कि रोड पर वाहनों को खड़ा न करें, जिससे आवागमन बाधित न हो। दरअसल आगामी 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक गौड़ जनजातीय समुदाय के चरित्र एवं ऐतिहासिक नायकों के केंदित जननायक गोंड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियों समारोह का आयोजन भी इसी ग्राउंड पर किया जाना है। नगर पालिका द्वारा तीन दिवस के भीतर अतिक्रमण को हटाने के लिए समय दिया गया है।

## युवक लापता, पुलिस ने किया गुम इंसान कायम

**पटेरा।** पटेरा पुलिस थाना अंतर्गत बरखेराबैस निवासी किशोर सींग के मंझले सुपुत्र टोडल सींग लोधी 33 वर्ष 20 नवंबर को दमोह की कहकर गया। वापिस न आने पर पतासाजी करने पर पता न चलने पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर तलाश शुरू कर दी है। नवागत थाना प्रभारी स्वयं बरखेराबैस गये व जानकारी ली। लापता युवक काले चेक की शार्ट नीले रंग की पेंट पहना है। करीब 6 फीट लंबा है। जिस भी व्यक्ति को दिखे पुलिस को सूचित करे।

## नवजागृति शाला ने पाई विजय

**दमोह।** हॉकी दमोह के तत्वावधान मे आयोजित सालोमन उस्ताद शालेय लीग हॉकी प्रतियोगिता मे नवजागृति शाला ने राष्ट्रीय जैन शाला को दो एक गोल से पराजित किया। मैच के निर्णायक राजेश सालोमन शेख असार विकास जैन रहे। खिलाडियो से परिचय भगवान सिंह, किशन सिंह, विजय ठाकुर से कराया। इस अवसर पर ललित नायक, देवाशीष, संतोष सेन, अल्ताफ खान, शैलेन्द्र अतुल, संजय पाठक, मुकेश संतोषी पटेल, अजली अराधना, आस्था आदि उपस्थित रहे। कल राष्ट्रीय जैन एवम हिडोरिया के बीच तीन बजे से होगा।



अतिरिक्त कक्षों का मंत्री लोधी ने किया भूमि पूजन

# नोहटा को बनायेंगे पर्यटन हब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विधानसभा क्षेत्र जबेरा के अंतर्गत ग्राम नोहटा में दो नदियों के संगम तट के समीप बनारेस्टहाउस भवन जोकी क्षतिग्रस्त हालत में है जिसके निर्माण हेतु क्षेत्र वासियों के द्वारा निरंतर मांग की जा रही थी जिसको पूर्ण करते हुए स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने 211.77 लाख रुपयों की पी डब्ल्यू डी से राशि स्वीकृत कराकर भूमि पूजन किया है। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि हम नोहटा को पर्यटन हब बनाएंगे क्योंकि नोहटा में प्राचीन नोहलेश्वर मंदिर एवं दो नदियों का संगम है जिससे हमेशा पर्यटकों की संख्या बनी रहती है और आने वाले समय में संगम नदी पर बोट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जावेगी। जिससे पर्यटक आनंद उठा सकेंगे। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में एवं मुख्यमंत्री यशस्वी मोहन यादव के नेतृत्व में हम विभिन्न विकास कार्य कर रहे हैं। जबेरा विधानसभा में हम 40 दिन शुल्क कोचिंग क्लासों का भी संचालन कर रहे हैं। एक-एक करोड रुपए की लागत से खेल स्टेडियमो का निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से प्रत्येक ग्राम में सड़कों का निर्माण, हर ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक भवनों का निर्माण जिसमें अभी तक 40 से अधिक भावनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है। इसी प्रकार उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण सहित क्षेत्र में हम विभिन्न विकास कार्य कर रहे है। उक्त भूमि पूजन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह सरपंच प्रतिनिधि लाल सिंह यादव जिला लोधी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी सुमन उपाध्याय विनीत कुलस्ती संग्रामसिंह सहित अन्यजन प्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

जन क्रांति न्याय यात्रा में शामिल हुए करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर

# 21 दिसंबर को हरदा में होगा जन क्रांति आंदोलन

## 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मांगा सर्व समाज का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर जिला दमोह के द्वारा जन क्रांति न्याय यात्रा एवं जनसभा का आयोजन दमोह में किया गया जिसमें करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर दमोह पहुंचे जन क्रांति न्याय यात्रा जबलपुर नाका, किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर होते हुए अंबेडकर चौक स्थित मानस भवन पहुंची जहां विशाल आम सभा आयोजित की गई मनचासी नदियों द्वारा सर्वप्रथम पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं सर्व समाज की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष का बड़े पुष्पाहार द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण दमोह जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर ने दिया। करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सर्व समाज के हितों और रक्षा हेतु 21 सूत्रीय मांगों को लेकर 21 दिसंबर को हरदा में जन क्रांति न्याय आंदोलन करने जा रहे हैं जिसमें आप सभी जिले के सर्व समाज के बंधुओ का समर्थन और सहयोग लेने आया हूं समाज को उनके अधिकार मिले वंचितों को न्याय मिले यह हमारा जन क्रांति न्याय यात्रा का मूल उद्देश्य है जिसको लेकर हम मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में पहुंच रहे हैं मैं बहुत ही प्रसन्न हूं की बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग आज इस कार्यक्रम में पहुंचे हैं 21 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आप सब अधिक से अधिक संख्या में हरदा पधारे और हमारे जन क्रांति न्याय आंदोलन को सफल बनाएं। न्याय यात्रा का बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं सर्व समाज के लोगों के माध्यम से भव्यता के साथ स्वागत किया गया जिनका भी करनी सेना परिवार दमोह द्वारा आभार माना गया। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष चंदू राजा, संभाग महामंत्री निहाल सिंह राजपूत, दमोह जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जटाशंकर धाम दमोह के महंत मोनू पाठक, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, सकल हिंदू समाज जिला अध्यक्ष कपिल सोनी, युवा जिला अध्यक्ष एवं रैकवार समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष मोंटी रैकवार, क्षत्रिय महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर राजू चौहान, कमल ठाकुर, दमोह जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र जीतू ठाकुर, राहुल चौराहा, धर्मवीर राजपूत, कथा व्यास कार्तिक वढगैया, संरक्षक कपिल सिंह तोमर, नगर अध्यक्ष राहुल राजपूत, समीर जैन, रोहित जैन, संदीप विश्वकर्मा, बसंत कुशवाहा, सैफ खान, संगठन मंत्री टिंकू राजपूत, मीडिया प्रभारी महेंद्र राजपूत, शंकर गौतम, श्रवण पाठक, तुलसीराम तिवारी, संजय चौहान, आदित्य सिंह राजपूत, श्रवण जैन सहित बड़ी संख्या में करणी सेना परिवार के पदाधिकारियों एवं सर्व समाज के बंधुओ की उपस्थिति रही।